US – 126

II Semester B.C.A./B.Sc.(F.A.D.) Examination, May 2017
(CBCS) (Repeaters) (2014 – 15 & Onwards)
HINDI LANGUAGE – II
Poetry, Essay, Translation and Terminology

Time : 3 Hours Max. Marks : 70

I. निम्नलिखित प्रश्नों के उत्तर **एक** शब्द या वाक्य में लिखिए : **(1×10=10)**

1) कवि विद्यापति किसके चरणों के सेवक हैं ?

2) किसके नेत्र चातक पक्षी के समान हैं ?

3) सूरदासजी के अनुसार किसकी जोडी तीनों लोकों में सुख पहुँचानेवाली है ?

4) श्रेष्ठ व्यक्तियों का स्वभाव कैसा होता है ?

5) मनुष्य अंधा बनकर क्या टटोच रहा है ?

6) ''मोमदीप मेरा'' – कविता में सिन्धु कहाँ से झर रहा है ?

7) संध्या-सुन्दरी धीरे-धीरे किस रूप में उत्तर रही है ?

8) ''जाग तुझको दूर जाना'' – कविता में पथिक जीवन सुधा देकर क्या माँग लाया ?

9) किसके स्पर्श से पाषाणी नारी बन गई ?

10) ''कर्म-महत्त'' – कविता के कवि कौन हैं ?

II. अ) i) ससंदर्भ व्याख्या कीजिए (कोई **एक**) : **(7×1=7)**

कहहिं सत्य प्रिय वचन बिचारी। जागत
– सोबत सरन तुम्हारी।।

तुम्हहि छांडि गति दूसरि नाहीं। राम
– बसहुँ तिन्ह के मन माही।।

जननी सम जानहिं पर नारी। धन पराव
– विष ते विष भारी।।

ii) बिगरि बात बनै नहीं, लाख करो किन कोय।

रहिमन फाटे दूध को मथे न माखन होय।।

P.T.O.

आ) i) ससंदर्भ व्याख्या कीजिए (कोई **एक**) : (7×1=7)

वज्र का उर एक छोटे अश्रुकण मे धो गलाया,
दें किसे जीवन–सुधा दो घूँट मदिरा माँग लाया ?
सो गयी आँधी मलय की बात का उपधान ले क्या ?
विश्व का अभिशाप क्या फिर नींद बनकर पास आया ?

ii) साक्षी पृथ्वी, साक्षी है आकाश,
हुई नही संपृक्त किसी के साथ
कभी अहल्या अपने पति को छोड़।
धरकर पति का आकृति–रूप स्वभाव
यदि आवे कोई पत्नी के पास–
कहो तात, फिर इसमें किसका दोष ?

III. किसी **एक** कविता का सारांश लिखकर उसकी विशेषताएँ बताइए : (1×16=16)

1) कर्म–महत्ता।

2) पाषाणी।

IV. टिप्पणी लिखिए (कोई दो) : (5×2=10)

1) ''जाग तुझको दूर जाना'' – कविता में संदेश।

2) राम का वास स्थान।

3) संध्या सुंदरी।

V. निबंध लिखिए (कोई **एक**) : (1×10=10)

1) भ्रष्टाचार।

2) भारतीय संविधान।

VI. निम्नलिखित शब्दों का **हिन्दी** में अनुवाद कीजिए : **(1×10=10)**

1) Arithamatic logic unit
2) Access time
3) Impulse
4) Conductor
5) Glow
6) Control unit
7) Calculation
8) Storage
9) Hardware
10) Truth table.